प्रादेशिक समाचार

09.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अब से थोड़ी देर बाद पहुंचेंगे रांची, कल पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की करेंगे अध्यक्षता, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी शामिल होने की संभावना।

2. झारखंड हाईकोर्ट ने चारा घोटाला मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद सहित तीन की सजा बढ़ाने की सीबीआई याचिका की स्वीकार, बढ़ सकती हैं मुश्किलें।

3. सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश की नाकाम, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी के सीमावर्ती जंगली इलाके से 18 आईईडी बरामद।

4. देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारी पूरी, कल राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे उदघाटन, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।

5. मौसम विभाग ने कल राज्यभर में भारी बारिश की दी चेतावनी, पूर्वी सिंहभूम में कक्षा 12 तक के सभी स्कूल कल बंद रखने के आदेश।

*******************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल रांची में पूर्वी क्षेत्रीय राष्ट्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसकी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बैठक में सम्मलित होने के लिए वे आज ही रांची पहुंच रहे हैं। यह बैठक कल दिन के 11 बजे से शुरु होगी। बैठक में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। झारखंड की ओर से इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी समेत राज्य के कुल 68 प्रतिनिधि शामिल होंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी दिल्ली में हैं लेकिन सूचना है कि वे भी इस महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए रांची आ रहे हैं।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने चारा घोटाले के देवघर ट्रेजरी से 89 लाख रुपये की फर्जी निकासी मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद, बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य की सजा बढ़ाने की सीबीआई की क्रिमिनल अपील स्वीकार कर ली है।

सीबीआई ने छह दोषियों की सजा बढ़ाने का अनुरोध किया था। हालांकि इनमें आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद की मौत हो चुकी है। इसलिए बाकी बचे तीन के मामले में ही सुनवाई हुई।

*******************

सुरक्षा बलों ने राज्य में आज एक बार फिर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों की एक बड़ी साजिश नाकाम कर दी। पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी जिले के सीमावर्ती इलाके के अड़की थाना के कोचांग के पास से सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान जंगल में लगाकर रखे गए 18 आईईडी बम बरामद किया। सभी का वजन करीब तीन–तीन किलोग्राम है। खूंटी के एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि बम निरोधक दस्ते की मदद से जंगल में ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी को नष्ट कर दिया गया।

*******************

हजारीबाग के शिव भक्तों को देवघर और सुल्तानगंज जाने के लिए सावन स्पेशल ट्रेन मिल गई है। यह ट्रेन रांची से भागलपुर के बीच चलेगी। ट्रेन हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

*******************

देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का उद्घाटन कल सवेरे साढ़े दस बजे किया जायेगा। झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित दुम्मा में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार मेले का उदघाटन करेंगे। हालांकि मेले की शुरुआत आधिकारिक रूप से 11 जुलाई से होगी। श्रावणी मेला शुरू होते ही बाबा बैद्यनाथ की स्पर्श पूजा पर एक महीने तक प्रतिबंध लागू रहेगा। श्रद्धालु अरघा सिस्टम से ही जलार्पण कर सकेंगे।

*******************

राज्य सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों को मुफ्त वाई–फाई सुविधा से जोड़ने का बड़ा फैसला लिया है। इस नई पहल के तहत अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके साथ आने वाले परिजनों को मुफ्त इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे वे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सरकारी योजनाओं और अन्य डिजिटल सेवाओं तक आसानी से पहुंच बना सकेंगे। सभी अस्पतालों में बीएसएनएल द्वारा वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

*******************

भारतीय आयकर विभाग की ओर से आज से रांची में भी तीन दिवसीय टैक्सपेयर्स हब का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आए करदाताओं को सम्बोधित करते हुए आयकर विभाग पटना मण्डल के महानिदेशक योगेश कुमार वर्मा ने कहा कि आयकर भुगतान केवल दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी है। कार्यक्रम को पटना मण्डल की आयकरदाता सेवा विभाग की महानिदेशक ज्योति कुमारी और रांची मण्डल के मुख्य आयकर आयुक्त रंजन कुमार ने भी संबोधित किया।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की जरुरत है। वे आज खूंटी के बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने इंटर और मैट्रिक के कई छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने की जरुरत है।

*******************

बोकारो जिले में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में 24 घंटे के दौरान भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसे देखते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले में कल 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूल बंद कर दिये गये हैं। जिले के उपायुक्त ने इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि जन–जीवन और विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाये गये हैं।

*******************

नासिक में आयोजित 13वीं मिनी और 7वीं चाइल्ड राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। राज्य के खिलाड़ियों ने कुल पांच पदक अपने नाम किये इनमें एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। आज रांची लौटने पर हटिया रेलवे स्टेशन पर खेल संघ के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।

*******************

हजारीबाग में सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। 16 जुलाई को रामगढ़ के गोला और हजारीबाग के दाढ़ी पंचायत से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से इस टूर्नामेंट का आयोजन वर्ष 2016 से ही हो रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलेगा।

*******समाप्त********